PPMN

सहयोग आपका प्रयास हमारा

परिष्कार पत्रिका

प्रगति की ओर

जयपुर सहित, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, ब्यावर, जोधपुर, बानसूर, अलवर, कोटपूतली, बहरोड़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, कानोता, बस्सी, नीम का थाना, रींगस, सीकर, कोटा, शिवदासपुरा, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, बीकानेर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश में प्रसारित

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

पोस्टल रजि. Jaipur City/ 240/ 2024-26 पाक्षिक (हिन्दी राष्ट्रीय) मूल्य 2 रूपए

विशेषांक

E-Mail : parishkarpatrika@gmail.com

वर्ष - 23 अंक 1 जयपुर : 8 अगस्त 2024 से 22 अगस्त 2024 RNI No : RJHIN/2002/9810 वार्षिक सहयोग 500 रूपए

जरूरी सूचना

यदि आपके पास परिष्कार पत्रिका डाक से आता है और हर माह की 10 व 25 तारीख को पाबंदी से नहीं आ रहा है, तो अपने पोस्टमास्टर व डाकिए से हमारी बात कराएं या सूचित करें। इसका निश्चित रूप से समाधान निकलेगा।

सम्पर्क करें 9314407796

22वें स्थापना दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आप सभी पाठकों को हार्दिक शुभकामनाएं

अवनीश सिंह किशर निदेशक | हेमलता किशर प्रधान संपादक | रवि सिंह किशर सम्पादक

परिष्कार पत्रिका परिवार

कार्यालय पर केक काटकर मनाया 22वां स्थापना दिवस

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। परिष्कार पत्रिका के 22 वें स्थापना दिवस और 23 वें स्थापना वर्ष में प्रवेश करने के अवसर पर परिष्कार के निदेशक अवनीश सिंह किशर और सम्पादक रविसिंह किशर मार्केटिंग मैनेजर शायर सिंह ने रीसर्स्टर्ड कार्यालय पर केक काटकर परिष्कार टीम को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर निदेशक अवनीश सिंह किशर ने परिष्कार पत्रिका परिवार के सभी सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज परिष्कार के 22 वर्ष पूर्ण करने के अवसर पर सभी पाठकों और विज्ञापनदाताओं को बधाई देता हूं जिन्होंने परिष्कार पत्रिका को प्रगति पथ पर आगे बढ़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। मुख्य संरक्षक शीला देवी ने इस अवसर परिष्कार पत्रिका परिवार को शुभकामनाएं देते हुए शुभाशीष प्रदान किया। इस अवसर पर संपादक रविसिंह किशर ने कहा कि 8 अगस्त 2002 को राजस्थान के राज्यपाल महामहीम अंशुमान सिंह के कर कमलों प्रारंभ हुआ सफर प्रगति पथ पर अनवरत जारी है। परिष्कार की प्रगति में पाठकों का महत्वपूर्ण योगदान है। शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान देते हुए विभिन्न शिक्षाविदों का साथ हुआ और हम निरंतर आगे बढ़ते गए। सामाजिक सरोकार में अपना योगदान देते हुए परिष्कार पत्रिका ने प्रतिभाओं को निखारने का काम किया और समय-समय पर उन्हें प्रोत्साहित कर आगे बढ़ाने का काम किया। उन्होंने बताया कि बहुत कम संसाधनों में 22 वर्षों की यात्रा पाठकों के विश्वास का ही परिणाम है। उनका परिष्कार पर पूरा भरोसा ही हमारी ऊर्जा है। इस अवसर पर प्रधान संपादक हेमलता किशर ने 22 वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि परिष्कार के पाठकों का सहयोग इसी तरह मिलता रहा तो हम निरंतर कुछ नया अपने पाठकों के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर सभी सदस्य उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान बना जन अभियान, सरकार आपके विश्वास पर खरी

प्रदेश में 2 करोड़ से अधिक पौधारोपण कीर्तिमान स्थापित : मुख्यमंत्री

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किया गया एक पेड़ मां के नाम अभियान अब जनअभियान बन गया है। यह अभियान उनका प्रकृति की सेवा करने एवं मां के प्रति सम्मान का भाव दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से प्रदेश में भी मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान प्रारम्भ कर इस वर्ष 7 करोड़ पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है। हरियाली तीज के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृहद् स्तर पर पौधे लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाये एवं उसकी देखभाल भी करे।

शर्मा करौली जिले के सपोटरा में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाली तीज के अवसर पर प्रकृति के प्रति जिम्मेवारी निभाते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए सघन वृक्षारोपण के तहत सम्पूर्ण राजस्थान में 75वां राज्य स्तरीय वन महोत्सव मनाया गया है। इस अभियान की सफलता से विकसित राजस्थान का सपना भी साकार होगा।

युवाओं के सपने को रौंदने वालों को नहीं छोड़ेंगे : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि पेपरलीक से किसान के बेटे और युवाओं के सपनों को रौंदने वालों के खिलाफ हमारी सरकार निरंतर सख्त कार्रवाई कर रही है। हमारी सरकार इस वर्ष 1 लाख पदों पर भर्तियां करेगी, वहीं 5 वर्ष में 4 लाख नौकरियां युवाओं को देगी, जिससे युवा अपने परिवार का सहारा बन सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किसानों को 6 हजार रुपये की पीएम किसान सम्मान निधि दी जा रही है। हमारी सरकार ने भी अपना वादा पूरा करते हुए किसान सम्मान निधि में 2 हजार की बढ़ोतरी की है। पहली किश्त के रूप में 1 हजार रुपये सीधे किसानों के खातों में जमा कराए गए हैं। गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य को भी बढ़ाया गया है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि को बढ़ाकर 1150 रुपये किया गया है।

सपोटरा के विकास को बजट घोषणाओं से मिली गति

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में सपोटरा क्षेत्र के विकास के लिए अनेकों सौगातें दी गई हैं। विकास कार्यों के तहत सलेमपुर से बालोती-डाबरा-शेखपुरा-गोठरा-बरवासन देवी-नरौली-कैलादेवी सड़क मय हाईलेवल ब्रिज का निर्माण, चौड़ागांव-जोडली-पहाड़पुरा-बूढ़ना-निहाना-कालागुड़ा सड़क का निर्माण, करसाई से बरिया सड़क का चौड़ाईकरण, कैलादेवी आस्थाधाम के बाईपास का चौड़ाईकरण, मिरिंगा लिंक ग्रामीण बाईपास रोड लेंदिया मोड गैरई रोड, गोकलपुर मोड सपोटरा रोड-बालाजी घाटी गंगापुर रोड एलएच 23 तक का निर्माण कार्य करवाया जाएगा।

शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार करते हुए सपोटरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उप जिला चिकित्सालय में मोक्षद्यन, उप जिला अस्पताल मंडरायल में भवन निर्माण कार्य, कुडगांव पशु चिकित्सालय का प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय में मोक्षद्यन, विभिन्न विद्यालयों में मरम्मत सहित नवीन भवन निर्माण के कार्य करवाये जाएंगे। साथ ही, कुडगांव में 132 केवी जीएसएस का निर्माण, सपोटरा में बस स्टैंड संबंधी विकास कार्य भी करवाया जाएगा।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गरीब कल्याण की योजनाएं पहुंची धरातल तक

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में वर्ष 2014 के बाद परिवर्तन आया है। गरीब कल्याण की योजनाएं धरातल तक पहुंची हैं एवं गरीबों को मिलने वाली सहायता अब सीधे उनके बैंक खाते में पहुंच रही है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में दुनिया में देश का मान बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण करवाया। अब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भी देश में मजबूत सड़क नेटवर्क तैयार हुआ है।

उन्होंने कहा कि आमजन नागरिक कर्तव्यों का पालन करते हुए केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक पहुंचाएं।

गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि हरियाली तीज के अवसर पर प्रदेशभर में सघन पौधारोपण किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में किसान सम्मान निधि को बढ़ाकर 8000 रूपए किए जाने पर गेहूं की एमएसपी में बढ़ोतरी करने सहित कई नीतिगत निर्णय लागू किए हैं।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने हरियालो राजस्थान के अन्तर्गत पौधारोपण के लिए विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने नारेश्वर मंदिर में दर्शन किए एवं परिसर में पौधारोपण किया।

उल्लेखनीय है कि हरियाली तीज के अवसर पर हरियालो राजस्थान के तहत प्रदेशभर में मनाए गए 75वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव के तहत 2 करोड़ से अधिक पौधारोपण का कीर्तिमान स्थापित किया है। इस अवसर पर विधायक हंसराज मीना, दर्शन सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत घर-घर में फहराएं तिरंगा

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश में उत्सव का माहौल बने और प्रदेशवासियों में गर्व की भावना का संचार हो। इसके लिए 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अभियान को पहले से और बेहतर रूप में क्रियान्वित किया जाएगा।

पंत शासन सचिवालय में आयोजित शहर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रारम्भ हुआ हर घर तिरंगा अभियान प्रत्येक देशवासी को देश के प्रति अपने प्रेम को दर्शाने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के तहत प्रदेश भर में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैली, तिरंगा दौड़ एवं मैराथन, तिरंगा कॉन्स्टर्स, तिरंगा कैनवास, तिरंगा प्लेज, तिरंगा सेल्फी तिरंगा ट्रिब्यूट एवं तिरंगा मेलों का आयोजन किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को अभियान की तैयारियों की नियमित मोनिटरिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अभियान के तहत संभाग से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप प्रदेश में हर घर, हर सरकारी दफ्तर, हर गली, हर नुक्कड़ तक तिरंगा अपनी शान में लहराए, इसके लिए सम्बंधित अधिकारी झंडों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें। पंत ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी मन की बात में इस अभियान को तिरंगे की शान में एक शानदार उत्सव बताते हुए इसे जन-जन को एक दूसरे से जोड़ने का माध्यम बताया है। उन्होंने तिरंगा रैली में बाइक, कार एवं साइकिल के साथ ही ग्रामीण स्थानों पर ट्रेक्टर शामिल करने तथा कार्यक्रमों की संपूर्ण व्यवस्था मौसम को ध्यान में रखकर करने के निर्देश दिए।

मुंशी प्रेमचंद की 144 वीं जयंति पर सम्मान समारोह

वरिष्ठ साहित्यकार व कवि डॉ राजीव को मिला मुंशी प्रेमचंद साहित्य रत्न सम्मान

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मुंशी प्रेमचंद की 144 वीं जयंति के उपलक्ष में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा एवं अमाकाम संस्था द्वारा संयुक्त रूप से इंदिरा गाँधी पंचायत राज संस्थान, जयपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्य सभा सांसद रविन्द्र किशोर सिन्हा थे।

अखिल भारतीय व राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित भव्य समारोह में वरिष्ठ कवि तथा साहित्यकार, प्रोफेसर डॉ राजीव सक्सेना जो कि वर्तमान में स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर जयपुर में होम्योपैथिक चिकित्सक व वरिष्ठ आचार्य हैं। उन्हें मुंशी प्रेमचंद साहित्य रत्न सम्मान-2024 से लेखन व समीक्षा वर्ग में विशिष्ट पुरस्कार से नवाजा गया। विगत तीन वर्षों से ये सम्मान उन्हें अनवरत मिल रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों ने सम्मान स्वरूप उन्हें, शॉल, दुपट्टा ओढ़ाकर, श्रीफल, प्रमाण-पत्र व प्रतीक चिह्न देकर शुभकामनाएं व बधाई दी व उनके लेखन की प्रशंसा व उज्जवल भविष्य की कामना की। डॉ राजीवज सक्सेना ने सम्मान के लिए सभी का आभार प्रकट किया।

मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु जिले में प्रारंभ हुआ स्वास्थ्य दल आपके द्वार अभियान

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मच्छर जनित बीमारियो की रोकथाम व नियन्त्रण के लिए जिले मे गत 05 अगस्त से स्वास्थ्य दल. आपके द्वार अभियान की शुरुआत हुई। इसमे स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों का भी अहम योगदान रहेगा। इसे लेकर विभाग की ओर से सभी सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ हंसराज भद्वालिया ने बताया कि बारिश के मौसम मे विशेषकर अगस्त, सितम्बर व अक्टूबर माह मे मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया जैसी मच्छर, जनित बीमारियां ज्यादा फैलती हैं। इसलिए मच्छरों के फैलाव को रोकने व बीमारियों की रोकथाम के लिए जिले में गत 05 अगस्त से स्वास्थ्य दल आपके द्वार अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान आगामी 31 अगस्त तक लगातार चलेगा। इस दौरान चिकित्सा विभाग की टीमें मच्छरों से निजात पाने के उपायों के साथ ही मौसमी बीमारियों के प्रसार को रोकने के लिए आमजन को जागरुक करेंगी।

उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, स्वास्थ्य डॉ सुरेन्द्र कुमार गोयल ने बताया कि स्वास्थ्य दल आपके द्वार अभियान के अंतर्गत सोर्स रिडक्शन, एन्टीलार्वल, एन्टीअडल्ट गतिविधियां की जाएंगी। स्वास्थ्य-कार्मिकों द्वारा घरों के कंटेनरों जैसे पानी की टंकियां, कूलर, ड्रम, परिंडे, गमले, फ्रीज की ट्रे और छतों पर रखे पानी जमा हो सकने वाले टायर, कबाड़ आदि की जाँच की जाएगी। इसमें लार्वा मिले कंटेनरों को उपचारित कराया जाएगा। पानी से भरे कंटेनरों और जल-भराव वाले स्थानों पर मच्छरों की व्युत्पत्ति को रोकने के लिए दवा डाली जाएगी। बुखार के मरीजों को चिन्हित करने के साथ ही आमजन को मौसमी बीमारियों के प्रति जागरुक किया जाएगा।

योगाचार्य ढाकाराम को मुंबई में योग रत्न की उपाधि से नवाजा

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राष्ट्रीय स्तर पर योग के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए योगापीस संस्थान के संस्थापक योगाचार्य ढाकाराम को मुंबई में आयोजित योग महोत्सव में योग रत्न उपाधि 2024 से सम्मानित किया गया, यह उपाधि उन्हें ल्यू एज योगा संस्थान के सीईओ योगाचार्य नितिन पतकीजी एवं इंडियन योगा एसोसिएशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष हंसा योगेंद्र हंसा मां ने प्रदान की।

इंडियन योगा एसोसिएशन राजस्थान के संयुक्त सचिव योगी मनीष विजयवर्गीय ने बताया कि मुंबई में आयोजित महोत्सव की थीम प्राणायाम और ध्यान रहा जिसमे प्राणायाम एवं ध्यान के महत्व द्वारा व्यक्तित्व के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास के पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए हंसा मां एवं योगाचार्य ढाकाराम ने महोत्सव में उपस्थित सैकड़ों योग प्रेमियों को प्राणायाम और ध्यान के संबंध में मार्गदर्शन कर योग साधना निरंतर रखने की प्रेरणा दी।

प्रकाशन के लिए अपने संदेश भेजें या मेल करें -

संपादक, परिष्कार पत्रिका,
ब्रांच ऑफिस : शॉप नं 2, प्लाट नं 36 भैरव नगर, ईएसआई के पास, हरवाड़ा रोड़, जयपुर-06
मो. 9314407796, 9351311820
G-mail:parishkar patrika@gmail.com
खास खबरें वेबसाइट पर देखें
www.parishkarpatrika.com

डा अम्बेडकर विद्यालय के विद्यार्थियों ने शिवाजी पार्क में किया पौधारोपण का कार्यक्रम

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। डा अम्बेडकर उच्च माध्यमिक विद्यालय आदर्श नगर जयपुर के छात्र-छात्राओं ने पौधारोपण कार्यक्रम के तहत आओ बनाए हरियाली राजस्थान। विद्यालय के निदेशक एडवोकेट रवि वर्मा ने बताया कि एक पेड मां के नाम स्कूल में वृक्षारोपण करते हुए पास ही शिवाजी पार्क में जा कर चिभिन्न पौधे जिनमें नीम, आम, जामून इत्यादी के पौधें एवं पेड लगाए। विद्यालय के प्रिंसिपल रवि वर्मा ने भी एक वृक्ष मां के नाम लगा कर बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व को बताते हुए कहा की मनुष्य और पेड का साथ हमेशा बना रहेगा। पेड हमारे मित्र है उन्ही से हमें अपने दैनिक जीवन की आवश्यकताएं पूरी होती हैं। जन्म से लेकर मृत्यु पर्यन्त पेडों की लकडी का हमारे जीवन ने का सहारा बना रहता है। वन से ही हमारा पर्यावरण शुद्ध होता है। ये हमारे लिए आक्सीजन सिलेंडर का काम करते है। वातावरण शुद्ध करतें। दुख सहकर भी हमें खुशियां प्रदान करते है। हर मौसम की मार झलते हैं। इसलिए प्रत्येक नागरिक को पेड़ अवश्य लगाने चाहिए।

राजस्थान सरकार से स्वाई मान्यता प्राप्त
प्रकाश विद्या निकेतन सी.सै. स्कूल
संकाय- विज्ञान, कला एवं वाणिज्य [कक्षा नर्सरी से 12वीं तक [हिन्दी माध्यम]
प्रवेश प्रारंभ
विशेषताएं : श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं।
सिद्धार्थ सिंह चौहान
194, शांति नगर, एनबीसी रोड़, जयपुर 302006
मोबाईल नं. 9352495768, 7665252481

सदाचार उच्च मा. विद्यालय
आकड़ मार्ग, बनीपार्क जयपुर फोन नं. 2202026
[अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम सहशैक्षणिक संस्था]
कला एवं वाणिज्य [कॉमर्स] संकाय
SADACHAR PUBLIC SCHOOL
(An English Medium Co-educational institute)
Ph. 3141519, 2202026
English Medium
Play Group to VIIIth
Conveyance Facility (Auto)
Based on N.C.R.T. Pattern
सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं
ऊषा शर्मा प्रिंसिपल सदाचार उच्च मा विद्यालय

सैंट माईकल सीनियर सैकंडरी स्कूल
[कक्षा नर्सरी से 12वीं तक [अंग्रेजी माध्यम]
प्रवेश प्रारंभ
विशेषताएं : न्यूनतम शिक्षण शुल्क, श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं।
नोवल डिसिल्वा
सुभाष चौक, आमेर रोड़, जयपुर राजस्थान

LEARNING STEP SCHOOL
Mr. Abhishek Gupta
Director
SEESION 2023-2024
On Ajmer Highway Road
Book Your Seat Now For CBSE School
PG to XII (CBSE AFFILIATED) Special Features :
Big Ground, Agriculture Garden, Staff Quarters, Students Hostel, Assembly Hall, Projector Room, Labs (Science/Maths/Computer)

PRIME TRACK
Trackon
Couriers Pvt. Limited
शायर सिंह किशर
ट्रैकोन कोरियर प्रा. लि.
अपने प्रियजनों को भेंजे संदेश या उपहार, घर बैठे कोरियर पिकअप और डिलीवर के लिए हमसे सम्पर्क करें -
शॉप नं. 2, प्लाट नं.36, भैरव नगर, हरवाड़ा रोड़, जयपुर [राजस्थान]
मो. नं. 8561888504, 6350176413, 9314407796

सम्पादकीय

परिष्कार पत्रिका के सभी पाठकों को 22 वें स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं। आपके साथ देखते-देखते 22 वर्षों का शानदार सफर पूरा करने के लिए सभी पाठकगण और हमारी प्यारी टी टीम को बहुत बहुत बधाई। शिक्षा के प्रति जागरूकता के लिए जो कदम बढ़ाया वो अनवरत जारी है। हमारे जीवन में शिक्षा का बड़ा महत्व है। शिक्षा से हमें अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी व उन्हे प्राप्त करने का जज़्बा पैदा होता है। शिक्षा से हमारी जीवन शैली और व्यक्तित्व में निखार आता है। परिष्कार पत्रिका ने सदैव शिक्षा के प्रति खास तौर पर बालिका शिक्षा और महिला शिक्षा का प्रचार प्रसार किया। शिक्षा से ही हम इस आधुनिक दुनिया के साथ कदम से कदम मिला कर चल सकते है। शिक्षा से हम सम्मानता का अधिकार व सम्मान प्राप्त होता है। शिक्षा से हमें देश की हर भागीदारी में बराबर का अधिकार, सम्मान और सभी योजनाओं का लाभ उठा सकते है। शिक्षा से ही हम देश व समाज को आगे बढाने मे सहयोग कर सकते है। इसलिए हमे अपने व अपने परिवार के उत्थान के लिए अच्छी व उच्च शिक्षा ग्रहण करने का प्रयास करना चाहिए। अवसर कुछ लोग अपने जीवन मे आए कठिन समय, परिस्थिति, समस्या और उलझन से इतने परेशान हो जाते है कि उसका सफरा निकालने के स्थान पर अपने आपको हताश असहाय, लाचार व कमज़ोर समझकर हर समस्या उलझन और परेशानी मे किसी ना किसी से आस लगाए बैठे है और चाहते है कि वही उनकी सभी मुसीबत से छुटकारा दिलवाए। हमें हर कठिन परिस्थितियो का सामना करते हुए अपनी हर समस्या का समाधान अपने हौसले, विवेक, धर्य और योग्यताओ का इस्तेमाल करते हुए अपने व्यक्तित्व मे ही धीरे-धीरे निखारना चाहिए। ऐसे लोग ही अपनी योग्यताओ, ज्ञान, हिम्मत,अनुभव, समझ और संवैधानिक अधिकारों की जानकारी बढाकर अपनी क्षीण बढा लेते है। इसलिए शिक्षा के महत्व को समझना जरूरी है।

एक पौधा मां के नाम महा अभियान के तहत हरियाली तीज के अवसर पर एक ही दिन में लगाए गऐ दो करोड़ से अधिक पौधें

मुख्यमंत्री ने पीपल का पौधा लगाकर राजस्थान को हरा-भरा विकसित राज्य बनाने का दिया संदेश

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दूदू जिला स्थित ग्राम गाडोता के एसडीआरएफ कैम्पस में पीपल का पौधा लगाकर कार्यक्रम का विधिवत् शुभारम्भ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शहरी एवं ग्रामीण जन ने बढ चढ़कर हिस्सा लेते हुए पौधारोपण किया। प्रदेशभर में अभियान के दौरान आयोजित कार्यक्रमों के दौरान कुल दो करोड़ से अधिक पौधारोपण किया गया। अमर कुमार अतिरिक्त मुख्य सचिव, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज ने बताया कि मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत आमजन को अभियान का हिस्सा बनाते हुए पौधों को विकसित करने के लिए मिशन हरियाले राजस्थान की थीम दी गयी है। कार्यक्रम के तहत हरियाली तीज के अवसर पर दो करोड़ से अधिक पौधे राजस्थान में लगाए गये हैं। राज्य वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत लगाए गये पौधों को हरियाली राजस्थान ऐप को क्यूआर कोड, एपीके, लिंक के माध्यम से डाउनलोड कर रजिस्ट्रेशन करके जिओ टैग एक क्वाचार के तहत किया गया।

विभाग जिओ टेगिंग के माध्यम से पौधों को टैंक करते हुए पौधे पर नजर रखेगा : विश्व स्तर पर प्रकृति मां पर पड़ रहे विपरीत प्रभावों के समाधान के लिए पौधा रोपण कार्यक्रम को जन-आंदोलन का स्वरूप देते हुए राजस्थान सरकार ने क्वाचार करते हुए प्रत्येक परिवार को अभियान से जोड़ने के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए इसे एक पेड़ मां के नाम सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम संपूर्ण राजस्थान के जिलों, शहरों व गांवों के लोगों को जोड़ने के लिए विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रमों का आयोजन कर पौधारोपण के आयोजन व स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों के परिवारों, धर्म गुरूओं, जन प्रतिनिधियों से लेकर आम-जन, कर्मचारी, अधिकारी, विभाग, सामाजिक संगठन,

राजीविका, महिला सहयोगिनी, औद्योगिक संस्थानों एवं विद्यार्थियों को सहभागी बनाते हुए हरे-भरे राजस्थान का संकल्प लिया गया है। अपर्णा अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव, वन एवं पर्यावरण ने बताया कि बजट 2024 -25 में इस अभियान के तहत 7 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में पहली बार वन, शिक्षा, मनरेगा, शहरी व स्वायत्त निकाय, राजीविका, वाटरशेड,सीएसआर, बागवानी,खनिज, पीडब्ल्यूडी, आईसीडीएस, कृषि, चिकित्सा व सिंचाई आदि विभागों को शामिल करतेहुए उन्हें विभागवार वृक्षारोपण के लिए 7 करोड़ 54 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है।

नरेगा महिला मेटों सहित लखपति दीदी ने भी निभायी भूमिका : कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की विशेष भागीदारी सुनिश्चित की गयी थी, जिनमें महिला जनप्रतिनिधि, महिला अधिकारीए महिला कर्मचारी, लखपति दीदी, राजीविका सखी, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएँ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाए आशा सहयोगिनी, नरेगा महिला मेट एवं श्रमिक सहित महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

रोडवेज में 36 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

परिष्कार पत्रिका

398 यूनिट हुआ रक्तदान

आत्मानो मोक्षार्थं जगत हिताय की भावना को सार्थक बनाता है रक्त दान : रोडवेज अध्यक्ष

जयपुर। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रोडवेज अध्यक्ष श्रेया गुहा ने कहा कि इस तरह के स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आत्मानो मोक्षार्थं जगत हिताय की भावना को सार्थक बनाते है। उन्होंने रक्तदान को ही समाज और मानवता की अपतीम और सच्ची सेवा बताया। गुहा ने रोडवेज मुख्यालय पर राजस्थान रोडवेज रिलीफ सोसाइटी लायंस क्लब एवं एसएमएस अस्पताल के सहयोग से आयोजित 36वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया। शिविर में निगम के सभी आगारों की सहभागिता से लगभग 398 कार्मिकों ने रक्तदान कर अपने सामाजिक दायित्व को पूरा किया। शिविर में कुल 398 यूनिट रक्तदान हुआ। राजस्थान रोडवेज रिलीफ सोसाइटी के संयोजक तारांचंद जैन ने बताया कि दुर्घटनाओं और प्राकृतिक आपदाओं में घायल चालक/परिचालक एवं यात्रियों का जीवन अमूल्य है, जिनके लिये इस तरह के रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। जिससे किसी भी जरुरतमंद को संकट के समय रक्त उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि रोडवेज़ निगम में विगत 35 वर्षों से रोडवेज़ रिलीफ सोसाइटी द्वारा रोडवेज़ कार्मिकों की सहभागिता से रक्तदान शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इस अवसर पर रोडवेज़ की कार्यकारी निदेशक यात्राधर डॉ ज्योति चौहान, कार्यकारी निदेशक प्रशासन अनीता मीना, कार्यकारी निदेशक यांत्रिक रवि सोनी लायंस क्लब के अध्यक्ष अनिल जैन सहित निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

राज्य सरकार ने सर्वे कराकर 1575 परिवारों को बीपीएल सूची में जोड़ा

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष सर्वे कराकर बीपीएल सूची में 1 हजार 575 नए पात्र परिवारों का नाम जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में बीपीएल परिवारों की कुल संख्या 22 लाख 47 हजार 641 है।

देवासी प्रश्नकाल के दौरान सचरय द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों पर जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2002 में प्रदेश में हुए बीपीएल सर्वे के अनुसार बीपीएल परिवारों की कुल संख्या 17 लाख 36 हजार 200 थी। उन्होंने बताया कि गत सरकार द्वारा बीपीएल सूची में से 1474 परिवारों के नाम हटाए गए। उन्होंने जानकारी दी कि सभी पात्र परिवारों को बीपीएल श्रेणी में जोड़े जाने के लिए राज्य सरकार द्वारा द्वितत्रीय अपील प्रक्रिया का प्रावधान किया गया है। अपील प्रक्रिया द्वारा बीपीएल सूची 2002 में पात्र परिवारों को जोड़ने की प्रक्रिया अनवरत जारी है। इससे पहले विधायक शकुंतला गौतम के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ने कहा कि बीपीएल सर्वे भारत सरकार के निर्देशानुसार करवाया जाता है। इस संबंध में भारत सरकार से निर्देश प्राप्त होने पर नवीन बीपीएल सर्वे करवाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि राज्य ने केंद्र सरकार के निर्देशानुसार 25 सितम्बरए 2006 के विभागीय आदेश द्वारा बीपीएल 2002 सूची से वंचित पात्र परिवारों को जोड़ने के लिए द्विपक्षीय अपील का प्रावधान है। जिसके अनुसार प्रथम अपील संबंधित उपखण्ड अधिकारी/तहसीलदार एवं द्वितीय अपील जिला कलक्टर को की जा सकती है।

जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर

कॉलेज छात्र-छात्राओं के साथ वृक्षारोपण कर जेडीए ने मनाया वन महोत्सव

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के पर्यावरण संरक्षण अभियान को बढ़ावा देने हेतु जेडीए द्वारा कॉलेज के छात्र-छात्राओं के साथ 551 फलदार-फूलदार पौधों का वृक्षारोपण कर वन महोत्सव मनाया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के हरियाले राजस्थान अभियान, हरियाली तीज के उपलक्ष पर एक पेड़ मॉ के नाम अभियान तथा शहरवासियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के क्रम में जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल के निर्देशन में जेडीए की उद्यानिकी शाखा द्वारा एमएलआईटी परिसर में जामुन, कचनार, गोलश्री, शहतूत, बड़, पीपल, इमली, अर्जुन, शीशम इत्यादि के 551 फलदार, फूलदार, छायादार तथा औषधीय महत्व व धार्मिक महत्व के 8-10 फीट के पौधों का वृक्षारोपण कॉलेज के छात्र-छात्राओं, जविप्रा के उद्यानिकी स्टॉफ व एमएलआईटी के अधिकारियों व कार्मिकों द्वारा वृक्षारोपण कर वन महोत्सव मनाया गया।

हरि-वन वृक्षारोपण एवं हरियालो राजस्थान अभियान

चिकित्सा संस्थानों में अब तक 3 लाख 11 हजार से अधिक पौधारोपण

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली में वृद्धि के उद्देश्य से 1 जुलाई से 31 जुलाई तक संचालित किए गए हरि-वन वृक्षारोपण अभियान के तहत प्रदेश के समस्त चिकित्सा संस्थानों में कुल 1 लाख 48 हजार 841 पौधों का रोपण किया गया। साथ ही राज्य सरकार द्वारा संचालित हरियाले राजस्थान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हरियाली तीज-7 अगस्त के अवसर पर 1 लाख 63 हजार 13 पौधे रोपे गए। इस तरह प्रदेशभर के चिकित्सा संस्थानों में कुल 3 लाख 11 हजार 854 पौधों का रोपण किया गया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि चिकित्सा संस्थानों में बेहतर वातावरण, हरियाली, छाया एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से हरि-वन वृक्षारोपण अभियान संचालित किया गया। उन्होने बताया कि अभियान के लिए फलदार एवं छायादार वृक्षों का चयन किया गया है। इनमें नींबू, आंवला, बील, जामुन, अमरूद, अनार, आम, सीताफल, इमली, चीकू, शहतूत, संतरा, नाशपती जैसे फलदार एवं नीम, मीठा नीम, पीपल, बरगद, शीशम, देशी बबूल, गुलमोहर, करंज, सहजन, खेजड़ी जैसे छायादार वृक्ष शामिल हैं। 5 वर्ष तक पौधों के रख-रखाव, पानी पिलाने एवं सुरक्षा की जिम्मेवारी संबंधित संस्थान की ही होगी। निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि हरिवन वृक्षारोपण अभियान के तहत जयपुर संभाग में 21 हजार 202 एवं हरियालो राजस्थान के तहत तीज के मौके पर 32 हजार 887 पौधे लगाए गए हैं। संयुक्त निदेशक डॉ सुनील सिंह ने बताया कि बीकानेर संभाग में 29 हजार 42, 25 हजार 399, अजमेर संभाग में 16 हजार 368, 17 हजार 383, भरतपुर संभाग में 23 हजार 286, 18 हजार 580, कोटा संभाग में 38 हजार 395, 14 हजार 184, जोधपुर संभाग में 18 हजार 556, 17 हजार 541 एवं उदयपुर संभाग में 21 हजार 56 व 12 हजार 828 पौधे लगाए गए हैं।

राजस्थान आवासन मंडल

आवासन मंडल ने किया वृहद् पौधारोपण

प्रदेश भर में इक्कीस हजार पौधे लगाए गए

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। सावन के महीने और हरियाली तीज के शुभ अवसर पर राजस्थान आवासन मंडल की ओर से भी वृक्षारोपण किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेशभर में चलाए जा रहे अभियान के तहत राज्यानी के रिटी पार्क में हुए मुख्य कार्यक्रम में आवासन मंडल के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे और पौधारोपण किया। प्रदेशभर में किया 21 हजार पौधारोपण आवासन आयुक्त इंद्रजीत सिंह के मार्गदर्शन और निर्देशन में राजस्थान आवासन मंडल की ओर से प्रदेशभर में एक लाख से ज्यादा पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया हैए इसी कड़ी में 21 हजार से ज्यादा पौधों का रोपण किया गया। राज्यानी में हुए मुख्य कार्यक्रम में आवासन मंडल के सचिव डॉ अनिल पालीवाल समेत कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे और पौधारोपण किया।

इस मौके पर आवासन आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने कहा कि पर्यावरण के प्रति हम सभी को अपनी जिम्मेवारी और भागीदारी निभानी होगी। सिंह ने खास तौर पर युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि सभी अपने आसे पास अधिक्य को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधा रोपण करें, साथ ही उनका

संरक्षण भी करें। प्रकृति ने हमें जीवन दिया, अब संरक्षण हमारी जिम्मेदारी-सचिव इस मौके पर आवासन मंडल के सचिव डॉ अनिल पालीवाल ने कहा कि प्रकृति ने हमें जीवन दिया है, अब प्रकृति और पर्यावरण का संरक्षण करना हमारी जिम्मेदारी है। इसी कड़ी में आवासन मंडल की ओर से लगातार पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें आमजन की ओर से भी उच्च स्तर की भागीदारी देखी जा रही है। इस अवसर पर मुख्य अभियंता अमित अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रतीक श्रीवास्तव, यूनियन के पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

जयपुर विकास प्राधिकरण

दस बीघा भूमि पर बसाई गई चार अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-13 निजी खातेदारी करीब 10 बीघा कृषि भूमि पर 04 नवीन अवैध कॉलोनियों का प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित रघुनाथपुरा कानोता, जिला जयपुर में करीब 02 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू-रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफकी निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जेडीए द्वारा जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित आगरा रोड़, बेनाड़ मोड़ से आगे, बस्सी चक के सामने, रघुनाथपुरा, जिला जयपुर में करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर गोविन्द नगर के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जेडीए द्वारा जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम रघुनाथपुरा, जिला जयपुर में ही करीब 02 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू-रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी ग्रेवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन.13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इसी प्रकार जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बस्सी, मोहनपुरा के पास, जिला जयपुर में खसरा नं 650, 661, करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी.ग्रेवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन.13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफकी निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

प्रदेश में कैंसर सेवाओं का होगा सुदृढ़ीकरण

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। प्रदेश में कैंसर से संबंधित स्वास्थ्य सेवाओं तथा गतिविधियों के सुदृढ़ीकरण, इन्हें व्यापक रूप दिये तथा आवश्यक समन्वय के उद्देश्य से राज्य सरकार ने स्टेट इंटीग्रेटेड कैंसर टास्क फोर्स का गठन किया गया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की अध्यक्षता में गठित इस टास्क फोर्स में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट जयपुर के अधीक्षक, टर्शियरी केंसर केयर सेंटर बीकानेर के अधीक्षक तथा नेशनल प्रोग्राम फॉर नॉन कम्यूनिकेबल डिज़ीज के स्टेट नोडल अधिकारी सदस्य होंगे। निदेशक जनस्वास्थ्य टास्क फोर्स के संयोजक होंगे तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन के डॉ जतिन ठक्कर व भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर के डॉ एससी पारीक विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि यह टास्क फोर्स प्रदेश में कैंसर के निदान, जांच, रोकथाम एवं जागरूकता गतिविधियों के लिए रणनीति तैयार करेगी। कैंसर सम्बन्धी सेवाओं के विस्तार, कैंसर केयर से सम्बंधित पालिसी की समीक्षा एवं आवश्यक संशोधन के प्रयास सुनिश्चित करेगी। टास्क फोर्स के गठन से कैंसर की रोकथाम एवं उपचार को लेकर विभिन्न विभागों, एनजीओए स्वयंसेवी संस्थाओं एवं हितधारकों के बीच आपसी समन्वयए रोगियों के पुनर्वास व पेल्स केयर सुविधाए जन जागरूकता, रिसर्च, क्षमता संवर्धन सहित अन्य पहलुओं पर बेहतर काम हो सकेगा।

राजधर्म का पालन लोकतंत्र में उतना ही जरूरी जितना कि राजतंत्र में : डा नरेन्द्र कुसुम

साम्प्रदायिक तनाव, हिंसा और समाधान विषय पर मुक्त मंच की गोष्ठी

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मुक्त-मंच की 86वीं मासिक संगोष्ठी साम्प्रदायिक तनाव, हिंसा और समाधान विषय पर परमहंस योगिनी डॉ पुष्पलता गर्ग के सान्निध्य और भाषाविज्ञ डॉ नरेन्द्र शर्मा कुसुम की अध्यक्षता में योग साधना आश्रम में सम्पन्न हुई। आईएएस से.नि. अरुण ओझा मुख्य अतिथि थे और शब्द संसार के अध्यक्ष श्रीकृष्ण शर्मा ने संयोजन किया। अध्यक्ष डॉ नरेन्द्र शर्मा कुसुम ने कहा कि राजनीति का जन्म हिंसा के साथ ही हुआ था क्योंकि मनुष्य सभ्यता और संस्कृति में प्रविष्ट हुआ तो हिंसा की प्रवृति के बीज लेकर आई। जब राजतन्त्र का उदय हुआ तो विभिन्न कारणों से हिंसा होने लगी। आज के लोकतन्त्र की हिंसाएँ कुछ अलग कारणों से हो रही हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति का उद्देश्य लोक मंगल होता है। राजधर्म का पालन लोकतन्त्र में उतना ही जरुरी है जितना कि राजतन्त्र में। अहिंसा से हिंसा का प्रतिकार, अध्यात्म से हिंसा का प्रतिकार एक दीर्घ कालीन प्रक्रिया है। पूर्व बैकार इन्द्र भंसाली ने कहा कि साम्प्रदायिक हिंसा का कारण एक दूसरे से डर है और जब इसका तनाव प्रखर होता है तब साम्प्रदायिक हिंसा का कारण बनता है। परस्पर अविश्वास, घृणा, नफरत तथा असुरक्षा को जन्म देता है। अंग्रेजो ने फूट डालो राज करो नीति और अत्याधुनिक हथियारों का नाम जंग जीती। अंग्रेजो ने भारतीय संस्कृति को नष्ट करने की पटकथा अंग्रेजो ने लिखी। ऐसे में इस पर अंकुश लगाने के लिए जरूरी है कि आज जो लोग उत्तेजना और नफरत फैलाते हैं, उसका तुरन्त संज्ञान लेकर उन पर कठोरतम कार्यवाही की जाए। प्रतिष्ठ स्तम्भकार ललित अग्रिचन्न के कविता के माध्यम से कहा कि तू भी है इनसान, मै भी हूँ इनसान खुदा तू भी नहीं, खुदा मैं भी नही, तू मुझे और मै तुझे दोष देते हैं पर अन्दर झाँकना तू भी नहीं, मै भी नहीं। गलत फहमियों ने पैदा कर दी दोनों मे दूरियां, वरना आदमी बुरा तू भी नहीं, मै भी नही। वरिष्ठ अधिवक्ता सावित्री राय जाखा ने कहा कि वैश्विक स्तर पर नफरत, प्रतिशोध के कारण हिंसक युद्ध हो रहे हैं। शालिनी शर्मा ने कहा कि विश्व के सभी धर्मगुरुओं ने अपने उपदेश मे प्रेम को सर्वोपरि माना है पर वे नैतिक ऊँचाइयों को बनाए रखने मे सफल नहीं हुए। इसीलिये विश्व में बड़े पैमाने पर सांप्रदायिक तनाव और सार्वभौमिक अनिश्चयता एवं भय का वातावरण

निर्मित होता जा रहा है। मनुष्य को मन की नकारात्मकता से खुद को आजाद करना होगा। पूर्व मुख्य अभियन्ता एवं प्रखर वक्ता दामोदर चिरानिया ने कहा कि हमारा समाज ही नहीं, विश्व का सम्पूर्ण समाज करीब-करीब विभिन्न समुदायों मे बंटा हुआ है, चाहे क्षेत्र, रंग, जाति, धर्म, लिंग या सोच हो। दुनिया मे पिछले 110 दस सालों में शांति प्रदर्शन के कारण वो विश्व-युद्ध हुए। मुख्य अतिथि अरुण ओझा ने कहा कि भारत एक बहुधार्मिक बहुलवादी देश है जहाँ संविधान हर नागरिक को अपनी पसन्द के धर्म का पालन करने का अधिकार देता है। इसीलिए यहाँ विभिन्न धर्मों के लोग बड़े सद्भाव के साथ रहते हैं। इतिहासविद कहते हैं कि विश्व के सभी धर्म या सम्प्रदायों के संस्थापक और धर्मगुरुओं ने प्रेम और सद्भावना को ही सर्वोच्च माना है। अपने संयोजकीय वक्तव्य में शब्द संसार के अध्यक्ष श्रीकृष्ण शर्मा ने कहा कि 2047 में हम भारत की स्वतन्त्रता की शताब्दी मना रहे होंगे तब भारत को विकसित भारत के रुप में देखना चाहेंगे, जिसमे समानता, समता, बन्धुता हो, पर जैसी परिस्थितियाँ दिखाई दे रही हैं। इसके बावजूद हमें कभी कभी कुछ निराशा, हताशा का भाव पैदा होता है। हमने इस दौर में घृणा और ईर्षा को वैश्विक स्तर पर कुलांचे भरते देखा है। आज युद्ध नहीं है तथापि जम्मू क्षेत्र में आए दिन रोज फौजी शहीद और नागरिक हताहत हो रहे हैं । कांवड यात्रा को लेकर तनाव बना हुआ है। मणिपुर में 5 मई 2023 से जातिय हिंसा जारी है। अब तक 221 लोग मारे गये, 6000 लोग विस्थापित हुए, गांव वीरान पडे हैं, महिलाओं के आजीविका के संसाधन समाप्त हो गए। ऐसे में साम्प्रदायिक सद्भाव परस्पर समताए समानता समय की आवश्यकता है। संगोष्ठी में सर्वश्री आरसी जैन, फारूक आफरीदी, सुभाष गुप्ता, यशवंत कोठारी, डॉ रमेश खण्डेलवाल, लोकेश शर्मा, अरुण ठाकर तथा सुमनेश शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए।

विवि के हॉस्टल परिसर में पौधरोपण

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। आर ए पोद्दार इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट अल्यूम्नाइ एसोसिएशन (पीमा) के द्वारा राजस्थान यूनिवर्सिटी प्रांगण में सघन पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा थी। कार्यक्रम में अनुज सक्सेना, संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ. के.एल बग्रा के अनुसार एल्यूमिनाई ऐसोसिएशन विगत सात वर्षों से विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण के कार्यक्रम आयोजित कर रही है, व 800 से अधिक पौधों को लगाकर उनकी देखभाल का भी दायित्व इस ऐसोसिएशन द्वारा लिया गया है।ऐसोसिएशन द्वारा विश्वविद्यालय में 5000 से अधिक पौधे लगाकर उनकी पिछले कई वर्षों से देखभाल कर रहे एवं सचिवाकर्मी बिरजू को भी सहायता प्रदान की गई है।

परिष्कार मैरिज ब्यूरो

वधु चाहिए

आवश्यकता है 27 वर्षीय एमए पास प्राइवेट बैंक में कार्यरत लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोत्रः शरदक, डाबला, कायथा। पो.बा. नं. 407, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीए एलएल बी पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोत्रः अरवाण, पवेराबा, महलोत। पो.बा. नं. 406, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय 12वीं पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोत्रः किशर, मोरवाल, डाबला। पो.बा. नं. 395, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 27 वर्षीय बीकॉम पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोत्रः निर्वाण, मौर्या, कायथा। पो.बा. नं. 404, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 30 वर्षीय स्नातक पास लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोत्रः सीलण, हर्रा, बमणिया। पो.बा. नं. 402, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है देवली में स्वयं की ई-मित्र शॉप एवं प्रिंटिंग वर्क इन मेटल मार्किंग मशीन 29 वर्षीय एमकॉम लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोत्रः महलोत, हर्रा, कायथा। पो.बा. 601/24, सम्पर्क करें 9314407796 या 9928428368 देखें वेब साईट www. siddscreation.com

---

आवश्यकता है दिल्ली में कार्यरत 34वर्षीय बीए एलएलबी एडवोकेट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोत्रः डाबला, मोरवाल, सोलंकी। पो.बा. 513 ए, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है जोधपुर हाईकोर्ट में कार्यरत 32 वर्षीय बीए एलएलबी एडवोकेट लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोत्रः डाबला, मोरवाल, सोलंकी। पो.बा. 513 बी, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय एमए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोत्रः डाबला, किशड़, निर्वाण। पो.बा.509, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 24 वर्षीय बीए लड़के के लिए सुंदर, सुशील कन्या की। मोत्रः फरण्ड, कायथा, निर्वाण। पो.बा. 507, सम्पर्क करें 9314407796

वर चाहिए

आवश्यकता है 25 वर्षीय, एग्रीकल्चर साईंटिस्ट लड़की के लिए नौकरी या स्व रोज़गार करने वाले लड़के की। मोत्रः कायथ, तुगरिया, माथर। पो.बॉ. 525, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 24 वर्षीय, बीए, एम ए लड़की के लिए नौकरी या स्व रोज़गार करने वाले लड़के की। मोत्रः किशड़, इन्दौरा, दैतण। पो.बॉ. 373, सम्पर्क करें 9314407796

आवश्यकता है 25 वर्षीय, बीए, लड़की के लिए नौकरी या स्व रोज़गार करने वाले लड़के की। मोत्रः डाबला, मोरवाल, सोलंकी। पो.बा.

गोपालन मंत्री ने किया डेयरी और स्वीट एस्कपों के पोस्टर का अनावरण

इंडिया एस्कपों मार्ट की ओर से माह नवम्बर-2024 में जयपुर में होगा एक्सपो

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। पशुपालन, गोपालन, मत्स्य एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने माह नवम्बर-2024 में जयपुर में होने वाले राष्ट्रीय स्तर के डेयरी और स्वीट एक्सपो के पोस्टर का विमोचन किया। डेयरी और स्वीट एक्सपो का आयोजन इण्डियन डेयरी ऐसोसियेशन के राजस्थान चैप्टर और इण्डिया एक्सपो मार्ट के संयुक्त आयोजन में सीतापुरा स्थित जेईसीसी कंवेंक्शन सेन्टर में किया जायेगा। पोस्टर अनावरण के अवसर पर इण्डियन डेयरी ऐसोसियेशन राजस्थान चैप्टर के चैयरमेन करुण चण्डालिया, सचिव प्रीतेश जोशी, कोषाध्यक्ष गोविन्द गुप्ता, प्रमुख उधमी शिवराज सिंह बीठिया और इण्डिया एक्सपो मार्ट लिमिटेड के वरिष्ठ महाप्रबन्धक सुबिमत कुमार मुण्ड भी उपस्थित थे। इंडियन डेयरी एसोसिएशन

राजस्थान चैप्टर के सचिव प्रीतेश जोशी ने बताया कि एक्सपो में देशभर से डेयरी और स्वीट मैन्यूफैक्चरिंग यूनिटस और मशीनरी के निर्माता, विशेषज्ञ आदि भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि एक्सपो में डेयरी और स्वीट मैन्यूफैक्चरिंग इण्डस्ट्री में उपयोग में लायी जाने वाली अत्याधुनिक एवं नवीनतम तकनीक का प्रदर्शन भी किया जावेगा। प्रीतेश ने कहा कि एक्सपो में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना वाईबेंट राजस्थान की तर्ज पर राज्य में डेयरी और स्वीट उद्योग से जुड़े प्रतिष्ठित ब्राण्डस, मैन्यूफैक्चरिंग मशीनरी उत्पादक एवं विषय विशेषज्ञ भाग लेंगे। कुमावत ने डेयरी और स्वीट एक्सपों की सफलता की शुभकामनाएँ देते हुए आशा व्यक्त की कि डेयरी और स्वीट एक्सपो राजस्थान के इन दोनों परम्परागत उद्योगों के विकास को नई दिशा देगा।

गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र जयपुर में किया वृक्षारोपण

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान 2024 के चलते गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र जयपुर में हरियाली तीज के अवसर पर वृक्षारोपण किया गया। हरियाली राजस्थान के सपने को साकार करने के उद्देश्य से महानिदेशक एवं महासमादेष्टा राजेश निर्वाण, आईपीएस महानिरीक्षक पुलिस डॉ विष्णुकान्त एवं उपमहासमादेष्टा विजय सिंह भाम्भू एवं विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गृह रक्षा स्वयंसेवकों द्वारा कार्यालय परिसर

एवं अन्य स्थानों पर करीब 700 पौधे का रोपण किया गया। इस अवसर पर महानिदेशक एवं महासमादेष्टा द्वारा एक पेड मां के नाम स्लोगन के साथ उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं होमगार्ड स्वयंसेवकों को अधिकाधिक वृक्ष लगाने के लिये प्रोत्साहित किया गया।

जयपुर इशरे कूल कॉन्क्लेव में डीकार्बोनेजेशन पर हुई चर्चा

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में गुरुवार को शुरु हुए तीन दिवसीय इंडियन सोसाइटी ऑफ हीटिंग, रेफ्रिजरेटिंग एंड एयर कंडीशनिंग इंजीनियर्स इशरे कूल कान्क्लेव में दो दिनों में हीटिंग, वेंटिलेशन, एयर कंडीशनिंग और रेफ्रिजरेशन उद्योग में डीकार्बोनाइजेशन पर चर्चा हुई। कूल कान्क्लेव के अध्यक्ष पंकज ने कहा कि जयपुर प्रदर्शनी और कन्वेंशन सेंटर में चल रहा यह कार्यक्रम पर्यावरणीय स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध पेशेवरों और संगठनों के लिए एक शानदार अवसर साबित हो रहा है और कार्यक्रम के दूसरे दिन डीकार्बोनाइजेशन पर चर्चा हुई और इस पर गहन अन्वेषण हुआ और नवाचारी समाधान प्राप्त किया गया। इसमें भाग ले रहे लोगों का लक्ष्य डीकार्बोनाइजेशन के भविष्य के बारे में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त करनाए नवीन समाधानों की खोज करना तथा ऐसी नीतियों को आकार देने में योगदान देना है जो हमें इस परिवर्तनकारी कार्यक्रम में अधिक टिकाऊ और लचीले भविष्य की ओर ले जायेंगी जो डीकार्बोनाइजेशन के

भविष्य को आकार देगी। कार्यक्रम में देश के विशेषज्ञ, संगठनात्मक नेता, उद्योग के नेता, नीति निर्माता, नवप्रवर्तक औरपर्यावरणविद कार्बन उत्सर्जन को कम करने और हीटिंग, वेंटिलेशन, एयर कंडीशनिंग और रेफ्रिजरेशन उद्योग में संधारणीय प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए कार्रवाई योग्य रणनीतियों पर चर्चा की। कार्यक्रम में नवाचारी डीकार्बोनाइजेशन रणनीतियों और सतत बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसमें धारकर के अलावा अन्य वक्ताओं में अंशुल गुजराती, सुधीर माथुर और अनूप बालानी, अदित्य नारायण सिंह, नवलीन सिंह, टीबीडी, बीमअल पटवारी और रुशभिर मुजिक एवं अन्य विशेषज्ञों ने डीकार्बोनाइजेशन पर अपने विचार प्रकट किए। दूसरे दिन के कार्यक्रम का समापन नेटवर्किंग ब्रेक और डिकार्बोनाइज़ेशन एक्सीलेंस अवाइर्ड के साथ हुआ। इससे पहले शुरुवार को इसका शुभारंभ पर उदयपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य डा डॉ लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ का मुख्य संबोधन हुआ। जिसमें उन्होंने बच्चों को कम उम्र में ही पर्यावरण और विरासत की समझ को बढ़ाने की जरुरत बताते हुए कहा कि बच्चों के माता-पिता एवं शिक्षण संस्थाओं को इस दिशा में विशेष कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सस्टेनेबिलिटी और हैरिटेज की बात तब सफल होगी जब आने वाली पीढी को इसकी जानकारी होगी। धारकर ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रयासों को तेज करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

पुलिस विवि : बाल संरक्षण पर क्षमतावर्धन कार्यक्रम का आयोजन

परिष्कार पत्रिका

जोधपुर। सरदार पटेल पुलिस सुरक्षा एवं दांडिक न्याय विश्व विद्यालय के सेंटर फॉर चाइल्ड प्रोटेक्शन के सेंटर फॉर चाइल्ड प्रोटेक्शन की ओर से पुलिस कमिश्नरेट जोधपुर और जोधपुर रेंज जोधपुर ग्रामीण, जैसलमेर, बाड़मेर, बालोतरा और फलोदी के अन्तर्गत सभी जिलों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों, मानव तस्करी विरोधी इकाइयों के अधिकारियों के लिए दो दिवसीय रेंज स्तरीय बाल संरक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधि मध्य अतिथि विधि के कुलपति डॉ आलोक त्रिपाठी ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रशिक्षणका मुख्य उद्देश्य अधिकारियों को बच्चों से संबंधित कानूनों और उनके संरक्षण के मुद्दे पर जागरूक करना है। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय शर चौधरी और पुलिस विवि के कुलसचिव अतुल प्रकाश ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में जोधपुर थानका समाज से रेखा किराड़ ने भी भाग लिया अपनी समस्यों का प्रकट किया। विधि के बाल संरक्षण केन्द्र के नोडल अधिकारी हिमांशु शर्मा ने बताया कि इसमें 45 बाल बाल कल्याण पुलिस अधिकारी मानव तस्करी विरोधी इकाइयों के अधिकारी सुरक्षा सखी सीएली सदस्यों ने भाग लिया।

बीकानेर हाउस में आयोजित साप्ताहिक तीजोत्सव

लहरिया परिधानों में महिलाओं ने लिया तीजोत्सव का आनंद, मेंहदी, लहरिया पोशाक और तीज की सवारी रहीं आकर्षण का केन्द्र

परिष्कार पत्रिका

नई दिल्ली। नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में 4 अगस्त से 11 अगस्त तक चलने वाले साप्ताहिक उत्सव के चौथे दिन बुधवार को बीकानेर हाउस प्रांगण तीज के रंगों से सराबोर रहा। साज सज्जा, रंगारंग कार्यक्रम, रंगबिरंगी पोशाके, हैंडीकाफ्ट्स ने अपने अद्भुत प्रदर्शन से बीकानेर हाउस को तीजमय कर दिया। इस अवसर पर राजस्थान की अतिरिक्त आवासीय आयुक्त अंजू ओमप्रकाश ने बताया कि श्रावण महीने में मनाया जाने वाला यह उत्सव अपने अंदर राजस्थानी कला एवं संस्कृति की अमिट छाप संजोए हुए हैं और दिल्ली में बसे प्रवासी राजस्थानियों और निवासियों को राजस्थानी कला संस्कृति की झलक दिखाता है। इस उत्सव में राजस्थानी कला संस्कृति से जुड़े प्रत्येक पहलू

का एक ही जगह संगम देखने को मिलता है जो राजस्थान को एक विशिष्ट पहचान दिलाता है।

इस उत्सव में मेंहदी प्रतिस्पर्धा लहरिया थीम के साथ राजस्थानी पोशाक प्रतिस्पर्धा और तीज माता की भव्य यात्रा का आयोजन हुआ। तीज माता की शोभा यात्रा को पारंपरिक ढंग से पूजा अर्चना करके दिखाता है। इस उत्सव में राजस्थानी कला संस्कृति से जुड़े प्रत्येक पहलू का आनंदमय अपंग, जोगिया सारंगी और रावण हत्था की धुन पर लोक संगीत का आनंद लेते हुए राजस्थानी संस्कृति से सराबोर झूमते नाचते नजर आए। इस अवसर पर आयोजित मेंहदी और लहरिया पोशाक प्रतिस्पर्धा में कुमश: कुल 17 और 21 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें मेंहदी प्रतिस्पर्धा एवं लहरिया पोशाक स्पर्धा में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

डायमंड डीवा समूह की युवतियों ने हरियाली सावन तीज महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। रिमझिम-रिमझिम सावन के मौके पर वाटिका रोड स्थित आशादीप ग्रीस कॉलोनी वासियों के डायमंड डीवा समूह की युवतियों ने हरियाली सावन तीज महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर युवतियों ने रंग-बिरंगे लहरिये परिधान पहने व सांस्कृतिक रंगारंग प्रस्तुतियां दी तथा तीज माता व शिव -पार्वती मईया की पूजा अर्चना की व अखण्ड सुहाग, सौभाग्य की प्राप्ति की कामना की। मेंहदी, आकर्षक परिधान, नृत्य, भजन गायन तथा सर्वश्रेष्ठ सोलह श्रंगार प्रतियोगिताएं आयोजित की गई व विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। हल्की फुहारों के मध्य नवयुवतियों ने झूला झूलने

का आनंद लिया। इस मौके पर संगीता सक्सेना, राशिनी शर्मा, ज्योति, आभा, रश्मि, रजनी, सुप्रिया व ममता आदि उपस्थित रहे। अंत में घेवर व अल्पाहार के साथ पर्यावरण बचाने व पोधे लगाने का संकल्प लेकर सौहार्दपूर्ण माहौल में तीजोत्सव संपन्न हुआ।

राजस्थानी फिल्म म्हारों श्याम का हुआ मुहूर्त

अभिनेत्री प्रिया राठौड़ और एन के मित्तल ने दिया मुहूर्त शॉट

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। मित्तल मूवीज के बैनर तले बन रही राजस्थानी फिल्म म्हारो श्याम का होटल गोल्डन ट्यूलिप में मुहूर्त किया गया। अभिनेत्री प्रिया राठौड़ और अभिनेता एन के मित्तल पर मुहूर्त शॉट फिल्माया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के पूर्व ओएसडी और वरिष्ठ साहित्यकार फारूक आफरीदी, चिकित्सा विभाग के संयुक्त आयुक्त डॉ एस एन धौलपुरिया, सैंसर बोर्ड के पूर्व सदस्य रियाज फारूकी, फिल्म निर्माता एन के मित्तल, फिल्म के लेखक संतोष निर्मल, फिल्म के निर्देशक और अभिनेता मंजूर अली, केमरामैन जय तारी, साहिल खान, लखविंदर, नरवड़ शरीफवरगाह के खादिम इमरान खान और साहित्य

और संस्कृति से जुड़ी हस्तियां मौजूद रही।

इस मौके पर मुख्य अतिथि फारूक आफरीदी ने राजस्थानी भाषा साहित्य और संस्कृति के उद्धयन में राजस्थानी फिल्मों के योगदान की चर्चा करते हुए राजस्थानी भाषा को संवैधानिक मान्यता प्रदान करने और राजस्थानी फिल्मों को प्रोत्साहन और आर्थिक संबल की दृष्टि से अनुदान राशि बढ़ाने के बारे में विचार व्यक्त किए। विनेश कुमार और रियाज फारूकी ने फिल्म निर्माता और पूरी टीम को हार्दिक बधाई दी और सफलता की कामना की। फिल्म के गीत रचीक राजस्थानी के होंगे और संगीत राज सेन देंगे।

प्रेमचंद ने अपने साहित्य के माध्यम से समाज के दबे कुचले वंचित वर्ग की आवाज उर्ठा : आफरीदी

प्रेमचंद जयंती पर सम्पर्क साहित्य संस्थान का आयोजन

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। संपर्क साहित्य संस्थान के तत्वावधान में हिन्दी साहित्य के अमर साहित्यकार प्रेमचंद की 144वीं जयंती का इटरनल हॉस्पिटल सभागार में समारोह पूर्वक आयोजन किया गया। वरिष्ठ साहित्यकार एवं व्यंग्यकार फारूक आफरीदी की अध्यक्षता और सुप्रसिद्ध उपन्यासकार प्रबोध कुमार गोविल के मुख्य अतिथ्य में प्रेमचंद की महाइट कहानियों की समीक्षा के साथ डॉ नीलम कालरा के काव्य संग्रह शब्दों का आशिया के लोकार्पण किया गया। समारोह के अध्यक्ष फारूक आफरीदी ने कहा कि प्रेमचंद ने अपने साहित्य के माध्यम से समाज के दबे कुचले वंचित वर्ग की आवाज उठाई। उन्होने कथा साहित्य के जरिये समाज एवं साहित्य को दिशा नई देने और हमारे जीवन को परिष्कृत करने का काम किया। उनका साहित्य और विचार सदैव प्रासंगिक रहेगा। उन्होंने विश्व साहित्य में हिन्दी साहित्य को प्रतिष्ठा दिलाई।

डॉ प्रबोध गोविल ने बताया कि प्रेमचंद का जीवन बहुत संघर्षमय रहा और उन्होंने जो कुछ जीवन में देखा, अनुभव किया उसी को अपने साहित्य के माध्यम से समाज के समक्ष रखा। विशिष्ट अतिथिति रित्चक गौड़ ने प्रेमचंद के साहित्य की प्रशंसा करते हुए बताया कि बच्चों को इससे जोड़ा जाना चाहिए ताकि वे संवेदनशील बन सकें।

कथा-समीक्षा के आईने में प्रेमचंद के तहत डॉ अंजू सक्सेना ने

सज्जनता का दंड, सुनीता त्रिपाठी ने पंच परमेश्वर, हिमाद्री समर्थ ने बड़े घर की बेटी व डॉ मंजू लता ने मंत्र के साथ ही पुष्पा माथुर ने बड़े भाई साहब, सुशीला शर्मा ने पूस की रात्र सरोज चौहान ने दो बहनें और शिल्पी पचौरी, ज्ञानवती सक्सेना ने अन्य कहनियों की समीक्षा की। प्रारम्भ में वरिष्ठ साहित्यकार प्रबोध गोविल विशिष्ट अतिथि साहित्यकार फारूक आफरीदी एवं कार्यक्रम अध्यक्ष ज्ञान विहार स्कूल के प्रधानाचार्य ऋचिज गौड़ संस्थान अध्यक्ष अनिल लढ़ा महासचिव रेनू शब्दमुसर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया। सरस्वती वंदना डॉ मंजुलता भट्ट ने की। संपर्क साहित्य संस्थान के अध्यक्ष अनिललढ़ा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए संपर्क संस्थान के कार्यों का ब्यौरा दिया। इटर्नल हॉस्पिटल के डॉ अचिल गुप्ता द्वारा स्वास्थ्य संबंधी परिचर्चा में ऋषभेश ने जुड़ी अनेक भ्रांतियों को दूर किया गया।

रक्षा बंधन पर बहिन की अभिलाषा

परिष्कार पत्रिका जयपुर।

इस राखी पर
मैया मुझे बस
यही तोहफा देना तुम,
रखोगे ख्याल
मां-पापा का बस यही
इक वचन देना तुम
बेटी हूं मैं,
शायद ससुराल से
रोज़ न आ पाऊंगी,
जब भी पीहर आऊंगी
इक मेहमान बनकर आऊंगी
पर वादा है
ससुराल में संस्कारों से
पीहर की शोभा बढाऊंगी
तुम तो बेटे हो
इस बात को न भुला देना तुम
रखोगे ख्याल मां-पापा का
बस यही वचन देना तुम
मुझे नहीं चाहिये सोना-चांदी
न चाहिये हीरे-मोती
मैं इन सब चीज़ों से
कहां सुःख पाऊंगी
देखूंगी जब मां-पापा को
पीहर में खुश
तो ससुराल में
चैन से मैं भी जी पाऊंगी
अनमोल हैं ये रिश्ते
इन्हें यूं ही न गंवा देना तुम
रखोगे ख्याल मां-पापा का,
बस यही वचन देना तुम,
वो कभी तुम पर या
भाभी पर गुस्सा हो जायेंगे
कभी चिड़चिड़ाहट में
कुछ कह भी जायेंगे
न गुस्सा करना
न पलट के कुछ कहना तुम
उम्र का तकाज़ा है वह
भाभी को भी समझा देना तुम
इस राखी पर मैया
मुझे बस यही तोहफा देना तुम
रखोगे ख्याल मां-पापा का
बस यही वचन देना तुम.....

सरोज तंवर, प्रेम नगर जयपुर

सदाचार पब्लिक स्कूल में किया पौधरोपण

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। सदाचार पब्लिक स्कूल और श्री कन्या सदाचार उच्च माध्यमिक विद्यालय में पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या ऊषा शर्मा ने की। इस अवसर पर विद्यार्थियों और अध्यापकों ने मिलजुलकर विद्यालय प्रांगण में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए।

कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी भाग लिया। विद्यालय कि प्रधानाचार्या ऊषा शर्मा ने परिष्कार पत्रिका को बताया कि सावण माह में बारिश के मौसम को देखते हुए बच्चों को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया ताकि वे अपने घरों पर भी पौधारोपण करें और उन्हें उनकी सुरक्षा और पानी की जिम्मेदारी के लिए प्रतिज्ञा भी कराई गई। इस अवसर पर गुरूजनों के साथ-साथ बच्चों ने भी पौधारोपण पर अपने विचार व्यक्त किए।

डॉ अम्बेडकर उ. मा. विद्यालय में मनाई हरियाली तीज

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। डॉ आंबेडकर सीनियर सैकेंडरी स्कूल आदर्शनगर जयपुर में छात्र-छात्राओं के साथ अध्यापिकाओं ने हरियाली तीज का त्यौहार मनाया। इस अवसर मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत छात्राओं ने अपने अध्यापिकाओं और एकदूसरे के विभिन्न कलाकृतियों हाथों पर चित्रित किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों द्वारा स्कूल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया और आदर्श नगर शिवाजी पार्क में जाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम बच्चों के द्वारा किया गया।

विद्यालय के निदेशक एडवोकेट रवि वर्मा ने परिष्कार को बताया कि विद्यालय परिवार ने हरियाली तीज का त्यौहार बेहतर तरीक से मनाया और विद्यालय में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के महत्व को बालकों को बताया गया। साथ ही अपने जीवन में एक वृक्ष लगाने का संकल्प और हर

वर्ष जन्मदिनपर वृक्ष लगाने का संकल्प भी लिया गया। मेंहदी प्रतियोगिता में कुमारी जया ने प्रथम स्थान और रेखा और नाजिश ने द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया। विभिन्न आकर्षक परिधान पहने अध्यापिकाओं और सभी छात्र-छात्राओं ने इसमें बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर केक काटकर एकदूसरे को हरियाली तीज की बधाई दी और मूंह मीठा कराया। बच्चों ने

संस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुति प्रस्तुत करके सभी आनंदित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के निदेशक एडवोकेट रवि वर्मा ने सभी को अपने घरों में भी पौधारोपण के लिए प्रेरित करते हुए बधाई दी और आभार प्रकट किया।

उमंग और उल्लास का पर्व है तीज : रमेश

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। श्रावण में बरसात के मौसम में चारों ओर हरियाली की चादर बिखर जाती है, जिसे देख कर सबका मन झूम उठता है। सावन एक अलग ही मस्ती और उमंग लेकर आता है। श्रावण के सुहावने मौसम के अथ्र में आता है तीज का त्यौहार। श्रावण मास के शुक्लपक्ष की तृतीया को श्रावणी तीज कहते हैं। उत्तर भारत में यह हरियाली तीज के नाम से भी जानी जाती है।

सावन के महीने में सिंजारा, तीज, नागपंचमी एवं सावन के सोमवार जैसे लोकपर्व उत्साह पूर्वक मनाए जाते हैं। श्रावण के महीने में मनायी जाने वाली हरियाली तीज आस्था, प्रेम, सौंदर्य व उमंग का त्यौहार है। तीज को मुख्यतः महिलाओं का त्यौहार माना जाता है। यह पर्व महिलाओं की सांस्कृतिक मान्यताओं का प्रतीक है। सावन माह में मनाया जाने वाला हरियाली पर्व दंपतियों के वैवाहिक जीवन में समृद्धि, खुशी और तरक्की का प्रतीक है। तीज का त्यौहार भारत के कोने-कोने में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। यह त्यौहार भारत के उत्तरी क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

वर्षा ऋतु में श्रावण के महीने में हमारे देश में चारों तरफ पानी बरसता रहता है। इस दौरान चारों तरफ हरियाली ही हरियाली नजर आती है। हरियाली के आगोश में प्रकृति इस तरह झूम उठती है मानो पृथ्वी अपनी हरी-भरी बाहें फैलाकर सबका अभिनंदन कर रही हो। श्रावण के महीने को हिंदू धर्मावलंबी भगवान शिव का महीना मान मानकर भगवान शिव की पूजा अर्चना करते हैं। कांवड़ि, देशभर में विभिन्न नदी, तालाबों से जल लाकर भगवान शिव का अभिषेक करते हैं। गणगौर के बाद पर्वों का सिलसिला रुक जाता है। वह एक बार फिर श्रावण मास की तीज से प्रारंभ हो जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए इस व्रत का पालन किया था। परिणामस्वरूप भगवान शिव ने उनके तप से प्रसन्न होकर उन्हें पत्नी रूप में स्वीकार किया था। माना जाता है कि श्रावण शुक्ल तृतीया के दिन माता पार्वती ने सौ वर्षों के तप उपरान्त भगवान शिव को पति रूप में पाया था। इसी मान्यता के अनुसार स्त्रियां माता पार्वती का पूजन करती हैं। श्रावण का आगमन ही इस त्यौहार के आने की आहट सुनाने लगता है। यह पर्व भारतीय जनमानस के अटूट विश्वास को और अधिक प्रगाढ़ता प्रदान करने का पर्व है।

इस पर्व में हरियाली शब्द से ही साफ है कि इसका ताल्लुक पेड़-पौधों और पर्यावरण से है। यह पर्व जीवन में जश्न का प्रतीक है और हरियाली तीज का पर्व प्रकृति का त्यौहार हैं। इस मौके पर महिलाएं अच्छी फसल के लिए भी प्रार्थना करती हैं। तीज पर मेंहदी लगाने, चूड़ियां पहनने, झूला झूलने तथा लोक गीतों को गाने का विशेष महत्व है। तीज के त्यौहार वाले दिन स्थुले स्थानों पर बड़े-बड़े वृक्षों की शाखाओं पर, घर की छत पर या बरामदे में झूले लगाए जाते हैं जिन पर स्त्रियां झूला झूलती हैं। हरियाली तीज के दिन अनेक स्थानों पर मेलों का भी आयोजन होता है। हाथों में रची मेंहदी की तरह ही प्रकृति पर भी हरियाली की चादर सी बिछ जाती है। इस नयनाभिराम सौंदर्य को देखकर मन में स्वत: ही मधुर इमनकार सी बजने लगती है और हृदय पुलकित होकर नाच उठता है। इस समय वर्षा ऋतु की बौछरें प्रकृति को पूर्ण रूप से भिगो देती हैं। सावन की तीज में महिलाएं व्रत रखती हैं। इस व्रत को अविवाहित कन्याएं योग्य वर को पाने के लिए करती हैं तथा विवाहित महिलाएं अपने सुखी दांपत्य की चाहत के लिए करती हैं।

राजस्थान में जिस कन्याओं की सगाई हो गई होती है, उन्हें अपने होने वाले सास-ससुर से एक दिन पहले ही भेंट मिलती है। इस भेंट को स्थानीय भाषा में सिंझारा कहते हैं। सिंझारा में मेंहदी, लाख की चूड़ियां, लहरिया नामक विशेष वेश-भूषा, घेवर नामक मिठाई जैसी कई वस्तुएं होती हैं। पीहर पक्ष अपनी विवाहित पुत्री को भी सिंझारा भेजा जाता है। इसे पूजा के बाद सास को सुपुर्द कर दिया जाता है। राजस्थान में नवविवाहिता युवतियों को सावन में ससुराल से मायके बुलाने की भी परम्परा है। तीज के अवसर पर नवयुवतियां हाथों में मेंहदी रचाते हुए गीत गाती हैं। समूचा वातावरण श्रृंगार से अभिभूत हो उठता है। इस त्योहार की सबसे बड़ी विशेषता है कि महिलाओं का हाथों पर विभिन्न प्रकार से बेल-बूटे बनाकर मेंहदी रचाना। राजस्थान में हाथों व पांवों में भी विवाहिताएं मेंहदी रचाती हैं। इसे मेंहदी मांडना कहते हैं। इस दिन राजस्थानी बालाएं दूर देश गए अपने पति के तीज पर आने की कामना करती हैं। जो कि उनके लोकगीतों में भी मुखरित होता है। राजस्थान के गांवों में पहले लड़कियां गुड्डे-गुड्डी का खेल खेलती थीं। तीज के दिन से गुड्डे-गुड्डी का खेल खेलना बन्द कर देती थी। इसलिये गांव की लड़कियां एक साथ एकत्रित होकर अपनी पुरानी गुड्डे-गुड्डी को गांव के पास के नदी,तालाब, जोहड़ में बहा देती थी, जिसे गुड्डी बहाइना कहा जाता था। अपने सुखी दांपत्य जीवन की कामना के लिये स्त्रियां यह व्रत किया करती हैं। इस दिन उपवास कर भगवान शंकर-पार्वती की बालू से मूर्ति बनाकर शी-शौपचार पूजन किया जाता है जो रात्रि भर चलता है। स्त्रियों द्वारा सुंदर वस्त्र धारण किए जाते हैं तथा घर को सजाया जाता है। इसके बाद मंगल गीतों से रात्रि जागरण किया जाता है। इस व्रत को करने वाली स्त्रियों को पार्वती के समान सुख प्राप्त होता है।

तीज का आगमन वर्षा ऋतु के आगमन के साथ ही आरंभ हो जाता है। आसमान काले मेघों से आच्छादित हो जाता है और वर्षा की फुहार पड़ते ही हर वस्तु नवरूप को प्राप्त करती है। ऐसे में भारतीय लोकजीवन में हरियाली तीज या कजली तीज महोत्सव का बहुत गहरा प्रभाव देखा जा सकता है। आज के दौर में ये सब बीती बाते बन कर रह गई है।

राजस्थान में मान्यता है कि गणगौर के साथ ही पर्व-त्यौहार मनाना बन्द हो जाते हैं। वो तीज के दिन से पुनः मनाये जाने लगते हैं। तीज से शुरू होने के बाद त्यौहारों का सिलसिला गणगौर तक चलता है। इसीलिए राजस्थान में एक कहावत प्रचलित है तीज त्योहारा बावड़ी ले डूबी गणगौर।

पीपी

अंगदान जागरूकता के लिए रोड शो का आयोजन

अल्प समय में ही राजस्थान ने अंगदान के क्षेत्र में किया उल्लेखनीय कार्य : एसीएस, चिकित्सा

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने प्रदेश में चलाए जा रहे अंगदान जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को रोड शो को अमर जवान ज्योति से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह रोड शो मोहन फाउण्डेशन, नवजीवन संस्था एवं सोटो के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

सिंह ने इस अवसर पर कहा कि विगत अल्प समय में ही राजस्थान ने अंगदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। ऑनलाइन शपथ लेने के मामले में राजस्थान देशभर में अव्वल स्थान पर है। उन्होंने कहा कि यह बड़े हर्ष का विषय है कि अंगदान के प्रति जागरूकता फैलाने में उल्लेखनीय काम करने पर केंद्र सरकार की ओर से नई दिल्ली में आगामी 3 अगस्त को आयोजित समारोह में राजस्थान को सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार अंगदान के क्षेत्र में बेस्ट एनजीओ का अवार्ड मोहन फाउण्डेशन को दिया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि निरंतर प्रयासों से राजस्थान में अंगदान कार्यक्रम लगातार मजबूत हो जा रहा है। अब यह विभागीय कार्यक्रम नहीं होकर, जन अभियान बन चुका है जिसमें आमजन बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। आमजन में अंगदान को लेकर भ्रांतियां दूर हो रही हैं और अंगदान करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अमर जवान ज्योति पर पुष्पच अर्पित कर शहीदों को नमन भी किया। इस अवसर पर सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ दीपक माहेश्वरी, समुचित प्राधिकारी डॉ रश्मि गुप्ता, मोहन फाउण्डेशन की संयोजक भावना जगवानी, राजीव अरोड़ा सहित अंगदान से जुड़ी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित थे।

राजकीय विद्यालय सराणा में कक्षा कक्ष के निर्माण के लिए 29.88 लाख रूपए स्वीकृत

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि विधानसभा क्षेत्र आहोर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सराणा में 2 कक्षा-कक्षों के निर्माण लिए 29.88 लाख रूपये स्वीकृत किये गए हैं। उन्होंने कहा कि आवश्यकता को देखते हुए यहां और भी कक्षा कक्षों का निर्माण करने पर विचार किया जाएगा। दिलावर प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों पर जवाब दे रहे थे। इससे पहले विधायक छगनसिंह राजपुरोहित के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में शिक्षा मंत्री ने सदन को अवगत कराया कि विधानसभा क्षेत्र आहोर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सराणा में समग्र शिक्षा के अन्तर्गत वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत 2 कक्षा-कक्षों के लिए 29.88 लाख रूपये स्वीकृत किये गए हैं। उन्होंने बताया कि निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर कार्यादेश जारी किया जाना प्रक्रियाधीन है। उन्होंने जानकारी दी कि विधानसभा क्षेत्र आहोर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सराणा में कुल 12 कक्ष हैए जिनमें से विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति के प्रस्ताव अनुसार 6 कक्षा-कक्ष एवं 2 छोटे कक्ष 12 मार्च, 2021 के आदेश द्वारा जर्जर घोषित किये जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि समग्र शिक्षा के अन्तर्गत कक्षा-कक्षों की आवश्यकता वाले विद्यालयों में कक्षों के निर्माण कार्य स्वीकृत किये जाने का प्रावधान हैं। योजना के प्रावधानानुसार निर्धारित नार्म्स के अनुसार प्रतिवर्ष शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार को वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट के प्रस्ताव प्रेषित किये जाते हैं।

दिलावर ने बताया कि शिक्षा मंत्रालयए भारत सरकार द्वारा उपलब्ध वित्तीय संसाधनों के दृष्टिगत प्रतिवर्ष कक्षा-कक्षों की आवश्यकता वाले कक्षा-कक्षों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति जारी की जाती हैं। स्वीकृति प्राप्त होने पर विभाग द्वारा निर्माण कार्यों का सम्पादन किया जाता हैं।

राजस्थान विश्वविद्यालय में एथलेटिक्स ऑफिशियेटिंग कार्यशाला का समापन

भारतीय एथलीटों को किया चीयर्स

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। पेरिस ओलम्पिक 2024 के अवसर पर खेल बोर्ड राजस्थान विश्वविद्यालय आयोजित एथलेटिक्स ऑफिशियेटिंग पर कार्यशाला समापन। इस अवसर पर डॉ प्रीति शर्मा संयोजक एवं सचिव, खेल बोर्ड ने बताया की एक्सपर्ट डॉ राजन भाटिया व डॉ दलबीर सिंह कौतेया द्वारा सभी खिलाडियों एवं प्रतिभागियों को एथलेटिक्स ट्रेक एंड फील्ड पर प्रायोगिकी प्रशिक्षण दिया गया और फील्ड पर होने वाले इवेंट जैसे थ्रोइंग ज्वेलियन, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, हेमर थ्रो एवं जम्पिंग इवेंट लम्बी कूद ट्रिपल कूद ऊंची कूद एवं बांस कूद की ऑफिशियेटिंग के बारे में बताया और ट्रेक पर होने वाले मध्यम एवं लम्बी दूरी की होने वाली रनिंग इवेंट 100,200,400, 800,1500 मी हर्डल इत्यादि पर होने वाली ऑफिशियेटिंग के बारे में प्रशिक्षण दिया। वेयेन्द्र झाझड़िया अध्यक्ष भारतीय पैरालम्पिक समिति पद्म भूषण एवं पद्मश्री अवार्डी ने कहा ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए। जुनून और मेहनत खिलाड़ी को चैंपियन बनाता है। जूनून और मेहनत आपको चैंपियन बनाता है, किसी भी उम्र में मेडल जीत सकते है पूरे फोकस के साथ प्रैक्टिस करनी चाहिए। कुरुपति पी अल्पना कटेजा ने प्रतिभाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयोजन सचिव सुरेन्द्र मीणा, सहायक निदेशक शारीरिक शिक्षा एवं सह आयोजन सचिव डॉ शैलेश मौर्य सहायक निदेशक शारीरिक शिक्षा व एक्पर्टस् ने समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदत्त किये गए।

महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय कावेरी पथ में मनाया कारगिल दिवस का रजत समरोह

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय कावेरी पथ मानसरोवर में कारगिल विजय दिवस के 25 वीं वर्षगांठ रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्थान सरकार के आदेशानुसार 11:16 पर दो मिनिट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। तदुपरांत विद्यालय में उपस्थित समस्त शिक्षकों व विद्यार्थियों के द्वारा 11:25 पर राष्ट्रगान वीरों के नाम का गान गाया गया। इस कार्यक्रम के उपलक्ष्य में विद्यालय में विद्यार्थियों के द्वारा गतिविधियों का आयोजन किया जिसमें परम वीर चक्र पोस्टर प्रतियोगिता व कारगिल विजय दिवस प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। जिसमें तेहान वर्षिष्ठ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिन्हें उपहार स्वरूप प्रधानाचार्या अनु चौधरी ने परम वीर चक्र विजेता पुस्तक दी गई। इस समरोह के बारे में डॉ संतोष कुमार जाखड़ ने विस्तार से जानकारी दी और कार्यक्रमों का आयोजन करवाया। विद्यालय की संस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी प्रतिभा चौधरी, सहयोगियों जितेन्द्र कुमार टैलर, दीपक खत्री ने समारोह के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

सेवा भारती समिति भाग 3 ने किया कक्षा 10 व 12वीं के मेघावी विद्यार्थियों का सम्मान

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। सेवा भारती समिति जयपुर भाग 3 द्वारा 12 वां प्रतिभा सम्मान समारोह पंजाबी समाज भवन मानसरोवर में मनाया गया। इसमें 41 राजकीय विद्यालयों के 91 छात्र 10वीं एवं 12वीं के टॉपर्स तथा राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लिए हुए खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप एक बैग, एक पेन, एक दुपट्टा, मूमेंटो, प्रशस्ति पत्र तथा 91 से अधिक अंक लाने वाले छात्रों को 1000 का चेक भी दिया गया। इन छात्रों में से एक छात्र के 99.9 प्रतिशत अंक आए थे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से की गई। मुख्य अतिथि के रूप में द्वारका प्रसाद, हरिनारायण, नवल किशोर बगड़िया, गोपाल अग्रवाल थे। कार्यक्रम की रूपरेखा भाग मंत्री विकास शर्मा एवं भाग अध्यक्ष लाल किशोर तथा भाग के समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा की गई। प्रचार मंत्री रितु चतुर्वेदी ने बताया सेवा भारती के द्वारा समाज के लिए कार्यों के बारे में सुनकर कार्यक्रम में उपस्थित बहुत से छात्रों, अभिभावकों ने सेवा भारती में जुड़ने की तथा समाज के लिए कार्य करने की इच्छा जताई कार्यक्रम के अंत में सभी ने अल्पाहार का आनंद लिया।

जवाब हम देंगे जनरल नॉलेज प्रतियोगिता का आयोजन

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। जयपुर की वर्गो सांस्कृतिक संस्था की ओर एच एस पब्लिक सी. सेकेंडरी स्कूल श्रीराम नांगल सांगानेर जयपुर में जवाब हम देंगे जनरल नॉलेज प्रतियोगिता कराई गई। प्रधानाचार्य पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सभी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया सूचना मंत्री सुनील जैन ने बच्चों से राजस्थान जयपुर के बारे में पूछे और विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार भी दिया गया। विद्यालय डायरेक्टर जानकीलाल मधुरिया ने अपने उद्बोधन में कहा की ऐसी प्रतियोगिता समय-समय पर होनी चाहिए। जिससे सामाजिक क्षेत्र के साथ ही बच्चों का प्रोत्साहन भी करती है। इस मौके पर वरिष्ठ अध्यापक सुरेंद्र गुर्जर ने इस कार्यक्रम की सराहना की तथा धन्यवाद ज्ञापित किया।

राजस्थान क्विड नेटबॉल जूनियर वर्ग की टीम का ट्रायल एपीएस विद्यालय में हुआ

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। ए पी एस स्कूल चिड़िया में जुनियर मिक्सड नेटवर्क राजस्थान टीम चयन के लिए ट्रायल का आयोजन किया गया। जिसमें पूरे राजस्थान से 150 से ज्यादा खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि गुलझारीलाल जानू पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुनील श्रीवास्तव ने की। इस मौके पर मनमोहन शर्मा एकेडमिक हेड ए पी एस स्कूल ने खिलाड़ियों को खेलों का महत्व समझाया। इस मौके पर फेडरेशन ऑफ मिक्सड नेटवर्क के टेक्निकल चेयरमैन गिरीश चौहान, राजस्थान मिक्सड नेटबॉल संघ की ओर से राहुल यादव, झुंझुनू मिक्सड नेटबॉल सचिव अरविन्द कुमार राजस्थान तांग वा सचिव उम्मेद सिंह शेखावत और शारीरिक शिक्षक आशीष भालोटिया मौजूद रहे। राजस्थान मिक्सड नेटबॉल संघ के ऑब्जर्वर राहुल यादव ने बताया कि यह पहला ऐसा खेल है जिसमें बालक व बालिकाएं दोनों एक साथ खेलते हैं। यह खेल ग्रामीण प्रदेश में खेला जा सकता है। चयनित खिलाड़ी 6जी जुनियर मिक्सड नेटबॉल प्रतियोगिता तुकोजीराव पवार स्टेडियम देवास एमध्य प्रदेश में राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। झुंझुनू संघ के सचिव अरविन्द कुमार ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों के लिए राजस्थान संघ 7 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें राष्ट्रीय कोचों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। चयन स्पर्धा में पहुंचे हुए सभी अतिथियों का प्रधानाचार्य सुनील श्रीवास्तव ने शॉल व माला पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया।

जिन्दगी का शुक्रिया

परिष्कार पत्रिका जयपुर।
इस जिन्दगी का शुं' या,
कुछ दिन का सपना ही सही।
हंसता हुआ गम ही सही,
चन्द पल का नगमा सही।
तकदीर का हैं तिलसिला,
थोड़ा बुरा थोड़ा भला।
जो भी किया तुमने यहाँ,
वो ही मिला फिर क्या गिला।
विष मान लो विष ही सही,
अमृत यही मदिरा यही।
ये जाम तो पीना ही हैं,
हंस के सही रोके सही।
इस जिन्दगी का शुं' या,
कुछ दिन का सपना ही सही।
जो भी किया वो ही मिला।
अब जान के दुश्मन भी
देखो, गिरगिर
सरीखे हो गये।
उनके अंदर की दुआ,
रूखसत कहां हो गई।
क्यों बिक गया ईमान
रूपया तम्हारे हुई हैं।
घुट के मार जायेंगें,
अब दीदार लगने लग गया
है।
'खनखनाहट' समेट कर
चम्पत हुई नागिन यहाँ।
आँसू कहाँ खुशिया कहाँ,
दो जख्म कहाँ जन्नत कहाँ।
नज़रे कहीं गम हैं कहीं,
क्यों बिक गई गैरत यहाँ।
अहसान की कीमत कहाँ,
नींदे कहाँ यादे कहाँ।
कैसा जहाँ, कैसा मका,
लुटता गया इंसान यहाँ।
लुटती रही अरमत यहाँ,
राते कहाँ और दिन कहाँ।
क्यों जल गया सारा जहाँ,
मुर्दा खड़े हंस यहाँ।
खाक को भूत और
भूत को देवता करता हैं, इश्क,
इतिहा यह हैं कि बन्दे को
खुदा करता हैं इश्क।
तुमसे बिछड़ते वक्त , मैं रोया था,
ये बात याद आई
तो पहरो हँसा किया।
कुछ आदमी की मजबूरियाँ हैं
दुनिया में।
और वह दर्दे-मुहब्त सही,
तो क्या मर जावे।
तुम हमारे किसी तरह न
हुये।
वरना दुनियां में क्या नहीं होता।
मेरा तो कुछ भी नहीं,
मैं रो-रो के जी लूँगा।
मगर खुदा के लिये तुम
अतीरे गम न रहो।
तोड़ देगे हर एक और से रिश्ता,
तोड़ देने की नौबत तो आये।
हम कयामत के खुद मुंतजार हैं,
पर कयामत तो अये।
जूठे टुकड़े खा के बुढ़िया,
तपता पानी पीती थी।
मरती हैं तो मर जाने दो
पहले भी कब जीती थी।
पल दो पल का साथ हमारा,
पल दो पल की यारी।
आज रूके तो कल करनी हैं,
चलने की तैयारी।
तुझे भुला देंगे अपने दिल से, ये
फैसला तो किया हैं लेकिन।
न दिल को मालूम हैं, न हमको
जियेगें कैसे।

डॉ. आर.पी. श्रीवास्तव
मालवीय नगर, जयपुर

छोटी काशी जयपुर में शिव भक्तों के लिए गंगाजल

पवित्र जल व अन्य दिव्य औषधियों से होगा शिव महाभिषेक 12 अगस्त

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। जयपुर शहर में भगवान शिव का महाभिषेक आयोजन का भव्य आयोजन 12 अगस्त 2024 को श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर नंदपुरी रामनगर सोडाला जयपुर शिव मंदिर में किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार को भगवान शिव की विशेष उपासना कर उनकी कृपा प्राप्त करने का अनूठा अवसर प्राप्त होगा। सुबह 5 बजे भगवान शिव आरती एवं मंत्रोच्चार के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। धार्मिक गायन एवं भजनों का आयोजन भी इस दौरान किया जाएगा और वेद मन्त्रों से स्तुति होगी। सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक गंगाजल से भगवान शिव का महाशिवाभिषेक किया जाएगा। गंगाजल तीर्थों का जल गंगाजल आम आदि का रसए दुग्ध धारा से अभिषेक होगा। सभी आमजन के लिए बिना पास के शिव अभिषेक की व्यवस्था है, जबकि विशिष्ट अतिथि एवं अतिथि पास के माध्यम से अभिषेक कर सकेंगे। हरिद्वार से पवित्र गंगाजल बड़े टैंकर में भरकर जयपुर लाया जाएगा। जयपुर में गंगाजल का स्वागत ढोल नगाड़ों के साथ किया जाएगा और इसे प्रमुख नदियों एवं सरोवरों के जल के साथ मिलाकर अभिषेक किया जायेगा। गंगाजल को विशेष ब्रांडिंग किए हुए दो टैंकरों में वितरित किया जाएगा, जिनसे भक्तों को गंगाजल से अभिषेक हेतु कलश दिए जाएंगे। बेल पत्र और पुष्प भी उपलब्ध करवाए जायेंगें। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षाए मेडिकल सुविधाएंए साफसफाई और वॉलिंटियर्स द्वारा प्रबंधन की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। मंदिर की विशेष सजावट एवं भक्तिमय विशेष धार्मिक माहौल के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। इस कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार, सोशल मीडिया, स्थानीय मीडिया, पोस्टर, बैनर, रील्स और संबोधन के माध्यम से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य धर्म के प्रति जागरूकता पैदा करना, सनातन से जोड़ना सामाजिक समस्याओं का समाधान करना, आध्यात्मिक उन्नति के लिए परंपराओं का संरक्षण और धर्म के प्रति आस्था को मजबूत करना है। सभी शिव भक्तों से अनुरोध है कि वे इस अवसर पर अधिक संख्या में उपस्थित होकर भगवान शिव और गौरी माँ की कृपा प्राप्त करें और इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाएं। गंगाजल शिव महाभिषेक आयोजन समिति के तत्वावधान में गंगाजल से शिव महाभिषेक कार्यक्रम का पोस्टर दिमोचन 1008 अवधेश दास महाराज राजस्थान विधान सभा प्रमुख सचिव महावीरप्रसाद शर्मा, उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंदबैरवा विधायक, कैलाश वर्मा विधायक रविन्द्र भाटी अतिरिक्त खाद्य आयुक्त पंकज ओझा, धर्म फाउंडेशन ट्रस्ट के महासचिव गब्बर कटारा एवं इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश्वर शर्मा उपस्थित रहे।

सेंट सोल्जर पब्लिक विद्यालय में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया

परिष्कार पत्रिका

जयपुर। सेंट सोल्जर पब्लिक स्कूल सी-स्कीम जयपुर के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरदार अजयपाल सिंह भूतपूर्व अध्यक्ष राजस्थान हाउसिंग बोर्ड एवं अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति और सरदार जसबीर सिंह, कोषाध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा की गई।

विद्यालय की प्रिंसिपल सोनल शर्मा के अनुसार इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय की उत्कृष्टता हेतु अग्रसर विद्यार्थियों को सम्मानित करना व आने वाले सत्रों में कामयाबी हेतु विद्यार्थियों को मेहनत करने के लिए प्रेरित करना था। समारोह में विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के लिए बड़े ही गर्व का विषय रहा कि विद्यालय में अन्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले होनहार विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर विद्यार्थियों ने मनमोहक संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपस्थित सरदार अजयपाल सिंह ने अपने प्रेरणादायी विचारों से सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षा का महत्व बताते हुए सरदार जसबीर सिंह कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज में क्रांति ला सकते है। साथ ही विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी सफल होने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्राचार्या मानीषा सोनल शर्मा ने इस अवसर पर छात्रों व शिक्षकगणों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारे विद्यालय के विद्यार्थी सदैव ही उत्कृष्टता की ओर अग्रसर रहते हैं और आने वाले सत्र में भी सर्वोपरि रहेंगे। इसी कामना के साथ विद्यालय प्राचार्या ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्माननीय सदस्यों का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक और संपादक रवि सिंह किरार द्वारा एम बी प्रिन्टर्स डिग्गी हाऊस, एफ 76 करतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित तथा 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर से प्रकाशित। फोन नं. 9314407796 parishkarpatrika@gmail.com
www.parishkarpatrika.com, www.parishkarpatrika.page प्रधान संपादक हेमलता किरार तथा सलाहकार श्रवण सिंह किरार, विजय सिंह किरार, प्रचार एवं प्रसार प्रबंधक डी कुमार चित्र, शायर सिंह किरार